भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4085
17 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

मेक इन इंडिया के अंतर्गत पनडुब्बियां

4085. श्री ए.के.पी. चिनराज:
श्रीमती पूनम महाजन:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत छह नई पनडुब्बियों के विनिर्माण हेतु विदेशी कंपनियों के साथ भागीदारी के लिए भारतीय कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और इसमें रणनीतिक भागीदारों के रूप में भारतीय कंपनियों की छंटनी हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस परियोजना के लिए भारतीय कंपनियों से प्राप्त ईओआई की कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने सिस्टम ऑफ सिस्टम के समेकन, पोत निर्माण क्षेत्र में विशेषज्ञता और वित्तीय क्षमता के आधार पर कंपनियों की छंटनी की है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): जी हां । जून 2019 में रणनीतिक भागीदारों (एसपी) के रूप में भारतीय कंपनियों की छंटनी हेतु रूचि की अभिव्यक्ति जारी की गई है । एसपी द्वारा प्रतिक्रिया के लिए अंतिम तिथि 21.08.2019 है ।

(ग) से (ड.): उपर्युक्त (क) एवं (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

***